## न्यूज डायरी




### सऊदी सेना सैन्य अड्डे पर गोलीबारी की जांच के बाद 21 सऊदी सैन्य प्रशिक्षुओं लौटेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका पिछले महीने गोलीबारी में तीन नाविकों के मारे जाने की घटना की जांच के बाद 21 सऊदी सैन्य प्रशिक्षुओं को खाड़ी देश वापस भेज रहा है। अटॉर्नी जनरल बिल बर्र ने बताया कि 21 सऊदी सैन्य प्रशिक्षुओं के पास जिहादी और बाल पॉर्नोग्राफी से जुड़ी सामग्री मिली है। इन सभी को फ्लोरिडा सैन्य अड्डे में वायु सेना प्रशिक्षण से निलंबित कर दिया गया है। बर्र ने कहा, 'सऊदी अरब शासन इस बात को लेकर प्रतिबद्ध है कि यह सामग्री यह दिखाती है कि वे रॉयल सऊदी एयरफोर्स और रॉयल नेवी में अधिकारी बनने के लायक ही नहीं हैं। 21 कैडेट को उनके प्रशिक्षण पाठ्यक्रम से हटाया जाता है और वह सऊदी अरब लौट जाएंगे। बर्र ने रॉयल सऊदी एयरफोर्स के सेकेंड लेफ्टिनेंट मोहम्मद सईद अलशमरानी द्वारा छह दिसम्बर को की गई गोलीबारी को आतंकवादी कृत्य करार दिया था।

### पाकिस्तान में मौसम की मार, हिमस्खलन, भूस्खलन में 75 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में भारी बर्फबारी और मूसलाधार बारिश के कारण हुए हिमस्खलन और भूस्खलन की घटनाओं में महिलाओं व बच्चों समेत करीब 75 लोगों की मौत हो गई। प्राकृतिक आपदा में 40 से अधिक घायल हो गए हैं। कड़ाके की ठंड और खराब मौसम ने देशभर में लोगों के लिए काफी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। सड़क यातायात और संचार सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हुई हैं। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, कई इलाकों में शीतलहर से जनजीवन ठप हो गया है और देशभर में करीब 75 लोगों की मौत हो गई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के हवाले से खबर में कहा गया है कि पिछले 24 घंटे में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हिमस्खलन की घटनाओं से कम से कम 57 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हो गए। इसमें बताया गया कि बलूचिस्तान में बारिश और बर्फबारी की घटनाओं में 17 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, खराब मौसम के कारण देश में 41 लोग घायल हो गए जबकि 35 मकान क्षतिग्रस्त हो गए।

### अफगानिस्तान के उत्तरी प्रांत में विस्फोट में दो बच्चों की मौतः अधिकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। उत्तरी अफगानिस्तान में मंगलवार को एक सड़क पर दो बमों में लगभग एक ही वक्त पर विस्फोट हुआ। इसमें दो बच्चों की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। प्रांत पुलिस प्रमुख के प्रवक्ता आदिल शाह आदिल ने बताया कि विस्फोट बाल्ख प्रांत की राजधानी मज्र–ए–शरीफ में हुए। घायल नौ लोगों में से आठ आम नागरिक हैं और एक व्यक्ति अफगान सुरक्षा बलों से है। अब तक हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। हालांकि तालिबान ने पिछले कुछ सप्ताह में यहां हमले बढ़ा दिये हैं। इससे पहले, इस महीने की शुरुआत में उग्रवादियों ने बाल्ख में एक पुलिस नाके पर हमला करने का दावा किया था जिसमें नौ अधिकारी मारे गये थे।

### फिलीपीन में हजारों लोगों को जिंदगी अधर में लटकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तनाउन। फिलीपीन में अधिकारियों ने ताल ज्वालामुखी के कई सप्ताह तक लावा और राख निकलने की चेतावनी देने के बाद हजारों लोगों की जिंदगी अधर में छोड़ने को मजबूर हजारों लोगों की जिंदगी अधर में लटक गई है। ताल ज्वालामुखी से रविवार को राख निकलने, भूंकप के झटकों और गर्जन की आवाज के मद्देनजर आस पास के इलाके को खाली कराया जा रहा है। अधिकारियों की ''व्यापक विस्फोट'' की चेतावनी देने के बाद कई लोग घर के सामान के साथ मवेशी और पालतू जानवर भी छोड़ गए। करीब 30,000 लोग अभी आश्रय गृह में हैं। ताल के आस पास के क्षेत्र में स्कूलों, सरकारी कार्यालयों और फिलीपीन स्टॉक एक्सचेंज को सोमवार को एहतियातन बंद रखा गया। रविवार को जब चेतावनी जारी की गई तब उसका स्तर4 था, जिसके बाद कुछ घंटों या आने वाले दिनों में एक खतरनाक विस्फोट की आशंका उत्पन्न हो गई थी।

# भारतीय दूतावास में अमेरिकियों, विदेशी नागरिकों के लिए शुरू हुई हिंदी कक्षाएं

## भारतीय दूतावास हिंदी सिखाने के लिए निशुल्क कक्षाओं का कर रहा है आयोजन

**पहल**

- 'भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा पिछले कुछ वर्षों में जबरदस्त तरीके से बढ़ी हैः मोक्सराज
- दूतावास में भारतीय संस्कृति के शिक्षक मोक्सराज 16 जनवरी से यह कक्षाएं लेंगे




**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। भारतीय दूतावास हिंदी भाषा सीखने और भारत की उदार संस्कृति के बारे में समझ बढ़ाने के इच्छुक अमेरिकियों और विदेशी नागरिकों के लिए इस वर्ष की निशुल्क हिंदी कक्षाएं शुरू करने जा रहा है। भारतीय दूतावास ने सोमवार को एक बयान में कहा कि दूतावास में भारतीय संस्कृति के शिक्षक मोक्सराज 16 जनवरी से यह कक्षाएं लेंगे।

लोगों के बीच हिंदी सीखने की ललक बढ़ी मोक्सराज ने कहा, 'भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा पिछले कुछ वर्षों में जबरदस्त तरीके से बढ़ी है। भारत के बारे में सही जानकारी हासिल करने के लिए लोग हिंदी सीखना चाहते हैं। भारत की कला–संस्कृति, वास्तुकला, परिवार प्रणाली, वैवाहिक जीवन, हिंदी फिल्में, योग–ध्यान, पाक–कला, राजनीति और कारोबार के बारे में ज्ञान बढ़ाने के लिए करोड़ों लोगों के बीच हिंदी को लेकर रुचि बढ़ी है।'

**अमेरिका में बढ़ रही है हिंदी की लोकप्रियताः** उन्होंने कहा कि अमेरिका में हिंदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। भारतीय दूतावास पिछले दो साल से मिशन में विभिन्न देश के लोगों को हिंदी सिखाने के लिए निशुल्क कक्षाओं का आयोजन कर रहा है। उसने जॉर्ज वॉशिंगटन विश्वविद्यालय और जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित अमेरिकी उच्च शिक्षा केन्द्रों के साथ भागीदारी भी की है। भारतीय दूतावास अमेरिका की नई पीढ़ी को हिंदी से जोड़ने के लिए विशेष योजना पर भी विचार कर रहा है।

**भारतीय मूल के संगठन कर रहे हिंदी का प्रसारः** भारतीय मूल के कई संगठन कवि सम्मेलन और विभिन्न प्रकार की हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन कर हिंदी की लोकप्रियता बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। मोक्सराज ने कहा कि हिंदी और संस्कृत कई स्थानों पर सिखायी जाती है और गीता के श्लोक भी पढ़ाए जाते हैं।

मोक्सराज वॉशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास में नियुक्त पहले सांस्कृतिक राजनयिक हैं। उन्हें यहां भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के भारतीय संस्कृति शिक्षक के रूप में नियुक्त किया है। वह वॉशिंगटन डीसी, वर्जिनिया, मैरीलैंड, वेस्ट वर्जिनियन और केंटकी जैसे कई स्थानों पर हिंदी, भारतीय संस्कृति, योग और संस्कृति की शिक्षा देते हैं। उन्होंने 2018 और 2019 में भारतीय दूतावास में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का नेतृत्व भी किया था।

## प्रदर्शन में शामिल होने पर ईरान ने ब्रिटेन के राजदूत को तलब किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्रालय ने ब्रिटेन के राजदूत रॉब मैकायर को तलब कर उनसे यहां हुए गैर–कानूनी सरकार विरोधी प्रदर्शन में शामिल होने के लिए स्पष्टकरण मांगा है। एफे न्यूज के अनुसार, मैकायर को प्रदर्शन के बाद हिरासत में लिया गया। जिसके बाद से ब्रिटेन और ईरान में एक झगड़े की शुरुआत हो गई है।

राजदूत ने कहा कि वह 8 जनवरी को यूक्रेन एयरलाइन में मारे गए लोगों के लिए निकाले गए जुलूस में शामिल होने के लिए गए थे। जब प्रदर्शन सरकार के खिलाफ होने लगा तो वह वहां से निकल गए। विदेश मंत्रालय ने रविवार को जारी किए गए एक बयान में कहा, 'रॉब मैकायर को शनिवार को हुई गैरकानूनी रैली में शिरकत कर उनके गैर परंपरागत व्यवहार के चलते तलब किया गया।'

**राजदूत को अस्थायी हिरासत में लिया गया थाः** राजदूत की अस्थायी हिरासत की खबर के खुलासे के बाद उप–विदेश मंत्री अब्बास अर्घची ने प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'गैर–कानूनी रूप से इकट्ठा होने पर एक अज्ञात विदेशी होने के चलते उनको हिरासत में नहीं लिया गया था, बल्कि गिरफ्तार किया गया था।



शाही दंपती को वक्त देने के लिए राजी महारानी ऐलिजाबेथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। महारानी ऐलिजाबेथ द्वितीय ने अपने पोते प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल को बदलाव के लिए वक्त देने की सोमवार को हामी भर दी। इस दौरान दोनों पति–पत्नी अपना वक्त ब्रिटेन और कनाडा में गुजारेंगे। इस मुद्दे पर चर्चा के बाद बंकिंगम पैलेस की ओर से बयान जारी किया गया। महारानी ने अपने पोते के साथ भी मुलाकात कर इस मसले पर चर्चा की। बंकिंगम पैलेस की ओर से जारी बयान से यह बात सामने आयी है कि राज परिवार के दोनों सदस्यों की भविष्य में क्या भूमिका होगी इस पर बाद में फैसला होगा। महारानी ने इस मुद्दे पर अपने पोते से आमने–सामने मुलाकात कर भविष्य में उनके और उनकी पत्नी की भूमिका के बारे में चर्चा की।

# कश्मीर के हालात मानवाधिकारों का उल्लंघन हैंः अमेरिकी सांसद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका की महिला सांसद डेबी डिंगल ने कहा है कि कश्मीर के हालात मानवाधिकारों का उल्लंघन हैं। अमेरिका की महिला सांसद डेबी डिंगल ने नवगठित केन्द्र शासित क्षेत्र में नजरबंद लोगों को छोड़ने और संचार सेवाओं पर लगी पाबंदियों को हटाने की अपील करने वाले प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर के हालात मानवाधिकारों का उल्लंघन हैं। भारतीय मूल की अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल ने प्रतिनिधिसभा में इस संबंध में प्रस्ताव नंबर 745 पिछले साल पेश किया गया था। इसे कुल 36 लोगों का समर्थन हासिल है। इनमें से दो रिपब्लिकन और 34 विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य हैं। डिंगल ने सोमवार रात ट्वीट किया, 'कश्मीर की मौजूदा स्थिति मानवाधिकार का उल्लंघन है। अन्यायपूर्ण तरीके से हजारों लोगों को हिरासत में लिया गया है और लाखों लोगों की पहुंच इंटरनेट और टेलीफोन तक नहीं है।'

**अमेरिकी राजदूत ने किया कश्मीर का दौरा**

**कश्मीर में मानवाधिकार उल्लंघनों के साथ नहीं हमः** प्रस्ताव 745 पर हस्ताक्षर करने की पुष्टि करते हुए उन्होंने कहा, 'मैंने प्रस्ताव 745 पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि अमेरिका विश्व को बता सके कि हम इन उल्लंघनों को होता नहीं देखेंगे।' डिंगल मिशिगन का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस बीच, सांसद ब्रैड शेरमन ने कहा कि वह भारत में अमेरिकी राजदूत केनेथ जस्टर की जम्मू–कश्मीर की हालिया यात्रा पर उनकी रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रहे हैं। शेरमन ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि रिपोर्ट के जरिए यह स्पष्ट होगा कि राजदूत ने क्या प्रतिबंध देखें विशेष रूप से, राजदूत हिरासत में लिए लोगों से मिल पाए या नहीं।' बता दें कि जम्मू–कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद जस्टर समेत 15 देशों के राजनयिक मौजूदा स्थिति का मुआयना करने को श्रीनगर गए थे।

## हाफिज ने कोर्ट में सभी आरोपों पर दिया जवाब, खुद को बताया निर्दोष

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। मुंबई अटैक के मास्टरमाइंड हाफिज सईद को टेरर फंडिंग केस में मंगलवार को आतंकवाद रोधी कोर्ट (।ज्ब्) में पेश किया जहां उसने खुद को बेकसूर बताया। उसने अपना बयान रिकॉर्ड कराया जिसमें उसने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया। आतंक रोधी विभाग ने हाफिज और उसके साथियों के खिलाफ पंजाब के विभिन्न शहरों में 23 एफआईआर दर्ज की थी। उसे पिछले साल 17 जुलाई को अरेस्ट किया गया था।

हाफिज को लाहौर की कोट लखपत जेल में रखा गया है। 10 जनवरी को सुनवाई के दौरान हाफिज को अदालत में सवालों की सूची सौंपी गई थी। कोर्ट के एक अधिकारी के मुताबिक, शहाफिज ने अपने जवाब में खुद पर लगे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह निर्दोष है। अधिकारी ने कहा कि कोर्ट अब मामले की सुनवाई बुधवार को करेगा जिसमें आखिरी दलीलें रखी जाएंगी। बता दें कि पंजाब पुलिस के आतंक रोधी विभाग के आवेदन के बाद लाहौर और गुजरांवाला में हाफिज के खिलाफ केस जर्द किया गया था।